विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
बहादुरशाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002 (भारत)
**University Grants Commission**
Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002 (India)
Phone : 011-23234019, 23236350, Fax : 011-23239659, e-mail : cm.ugc@nic.in | web: www.ugc.ac.in


ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये

हीरक जयंती 60 Diamond Jubilee 1953-2013


**प्रो॰ वेद प्रकाश**
अध्यक्ष
**Prof. Ved Prakash**
Chairman


अर्धशासी पत्र सं0 1–52/2013 (सीसी/एनएसक्यूएफ) अप्रैल, 2014

प्रिय कुलपति/निदेशक महोदय,

जैसा कि आपको ज्ञात है आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचित राष्ट्रीय कौशल अर्हता संरचना (एनएसक्यूएफ) में मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय व्यावसायिक शैक्षिक अर्हता संरचना (एनवीईक्यूएफ) में सूत्रबद्ध किये गये समस्त महत्वपूर्ण तथ्यों को निगमित किया गया है। जैसा कि एनएसक्यूएफ में अधिसूचित किया गया है कि यह 1 से 10 स्तर तक के प्रमाण पत्र उपलब्ध कराता है जिनमें स्तर 5 से स्तर 10 तक के प्रमाण पत्र उच्च शिक्षा से एवं स्तर 1 से स्तर 4 तक के प्रमाण पत्र स्कूली शिक्षा के क्षेत्र से संबंद्ध हैं। वर्ष 2012 में प्रारम्भ किये गये एनवीईक्यूएफ के अनुसरण में कुछ स्कूल बोर्डो द्वारा छात्रों को पाठ्यक्रम प्रस्तावित किये गये और एनवीईक्यूएफ के अंतर्गत छात्रों को समतुल्य/समस्तरीय प्रमाण पत्र प्रदान किये जा रहे हैं। ऐसे छात्र, एनएसक्यूएफ के स्तर 4 के प्रमाणित स्तर सहित 10+2 शिक्षा को वर्ष 2014 तक सफल कर पायेंगे। मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने आशंका जताई है कि ऐसे छात्र जो विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में स्नातक पूर्व किसी भी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने के इच्छुक हैं तथा जिनके पास +2 स्तर में व्यावसायिक विषय थे वे अलाभकारी स्थिति में होंगें। अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि जिस समय छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अन्य किसी भी स्नातक पूर्व पाठ्यक्रमों में दाखिलों के लिए प्रयास किये जा रहें हों तो उस समय ऐसे विषयों को अन्य सामान्य विषयों की तुलना में समतुल्य प्राथमिकता प्रदान की जाये, ताकि उन छात्रों को क्षैतिजिक गत्यात्मकता के लिए सुअवसर मिल सकें।

अतः आपसे अनुरोध है इस विषय में आप उचित कार्रवाई करें।

सादर।

भवदीय

(वेद प्रकाश)

समस्त केन्द्रीय/राज्य/मानित/निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति/निदेशक।